लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**University of Lucknow, Lucknow**

# Press Note 12 July 2020

The Dean, College Development Council, University of Lucknow Prof Audhesh K. Tripathi convened a meeting with the associated colleges of the University on 12th July 2020 at 11am under the chairmanship of Honorable Vice-Chancellor Prof. Alok K Rai. The meeting was called to discuss three main agenda items namely Progress of previous academic session 2019-20, Plan for the new session 2020-21 and Admissions to the new session. The Dean, CDC while informing that the University of Lucknow stood at first place in the State Educational Institutions as per webo-matrix by CSIC, Spain, urged the participating Colleges to play a proactive role for the growth and development of the University so that it may attain greater heights under the visionary leadership of the Vice -Chancellor.

The Principals/Managers of almost 120 colleges participated in the interactive online meeting. The Honorable Vice Chancellor Prof Alok K. Rai presided the meeting, he stressed on three main points -Academic audit of each college for the previous academic year which would cover E-learning status and initiatives, Student placements, Student mentoring, Research output, Sports and cultural achievements among others.

Secondly the Academic output by each college to be reviewed, a summary sheet would have to be forwarded by each college for review and lastly the Planning undertaken by colleges for the new session 2020-21. He emphasized on the holistic development of all the students of the colleges which are a part of the University.

The Registrar Dr. Vinod K Singh emphasized the last date for obtaining affiliation with the University was 15th July2020 and the colleges should obtain the same within this timeline. The meeting was also attended by Prof. Anil Mishra, Director Admissions, Prof. Poonam Tandon, Dean Students Welfare, Prof. Arvind Mohan, Dean Academics. Prof. Manuka Khanna, Dean Recruitments, Prof. Monisha Bannerji, Dean Research, Prof A.M Saxena, Controller Examinations, Prof Ram Milan, Head of the Department, Commerce, Dr Antiya Gaurav. and all the members of the CDC, The Deans threw light on the schemes for

promotion of student welfare and research at the University. The meeting ended with a vote of thanks by Dr. Rajendra Kumar Verma.

आज दिनांक १२.०७.२०२० पूर्वाह्न ११:०० बजे अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद्, लखनऊ विश्वविद्यालय ने माननीय कुलपति , लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त सभी महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्रचार्य/प्राचार्या की ऑनलाइन ज़ूम बैठक आहूत की | बैठक की कार्यसूची निम्नलिखित थी-

१. पिछले अकादमिक सत्र ( सत्र २०१९-२०२०) में महाविद्यालयों की उपलब्धियों एवं प्रगति का आकलन

२. वर्तमान अकादमिक सत्र (सत्र २०२०-२०२१) में महाविद्यालयों की योजनाओं पर परिचर्चा

३. वर्तमान अकादमिक सत्र (सत्र २०२०-२०२१) में प्रवेश के सम्बन्ध में विचार विमर्श

आयोजित ऑनलाइन ज़ूम बैठक में १२० से अधिक महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया| अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद्, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर अवधेश त्रिपाठी ने औपचारिक स्वागत से बैठक की शुरुआत करते हुए बताया कि सी.एस. आई.सी , स्पेन की वेबो मैट्रिक्स के नतीजों में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रदेश के सभी शैक्षणिक विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान पर है| यह विश्वविद्यालय तथा सहयुक्त महाविद्यालयों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है| उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बैठक की कार्यसूची से पुनः अवगत कराया|

कार्यसूची के उपर्युक्त विषयों पर चर्चा प्रारम्भ करते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय कुलपति महोदय ने इस सन्दर्भ में विभिन्न मुद्दों को उठाया| उन्होंने स्पष्टतः कहा कि अकादमिक संस्थान का अस्तित्व ,उसकी महत्ता एवं उसकी उपयोगिता छात्रों से होती है| अतः किसी भी अकादमिक संस्थान का पहला उद्देश्य छात्र कल्याण, छात्र हित है| इस निमित्त उन्होंने प्रत्येक महाविद्यालय से प्रत्येक अकादमिक सत्र का अकादमिक ऑडिट कराने, ई लर्निंग तथा ई कन्टेन्ट विधियों को बढ़ावा देने, छात्र परामर्शदाता नियत करने तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही| उन्होंने कहा की महाविद्यालयों को इन सभी का मूल्यांकन कर उनका सारांश नियत प्रारूप पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा तथा स्वमूल्यांकन करते हुए

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
# University of Lucknow, Lucknow

आवश्यक कदम उठाने होंगे| उन्होंने यह विश्वास जताया कि इस प्रकार समेकित रूप में छात्र कल्याणकारी कार्यक्रमों द्वारा हम प्रदेश में ही नहीं , राष्ट्रीय स्तर पर तथा वैश्विक स्तर पर लखनऊ विश्वविद्यालय की पहचान बनाने में कामयाब होंगे|

वर्तमान अकादमिक सत्र की गतिविधियों की योजनाओं के क्रियान्यवन हेतु कई महाविद्यालयों के प्रबंधकों/प्राचार्य/प्राचार्यों ने कई प्रश्ने पूछे जिनका उत्तर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद् प्रोफेसर अवधेश त्रिपाठी, कुलसचिव डॉक्टर विनोद कुमार सिंह , प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रोफेसर अनिल मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर ए.एम. सक्सेना , अधिष्ठाता नियुक्ति प्रोफेसर मनुका खन्ना, अधिष्ठाता अकादमिक प्रोफेसर अरविन्द मोहन, अधिष्ठाता शोध प्रोफेसर मोनिशा बनर्जी आदि सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारियों ने दिया|

अंततः अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद् ने पुनः सभी महाविद्यालयों को छात्र हित के साथ अकादमिक उन्नति एवं प्रतिष्ठा अर्जन में और अधिक प्रयत्नशील होने का आह्वान किया, जिससे महाविद्यालय के साथ-साथ विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सके| बैठक में प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या तथा उपरोक्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महाविद्यालय विकास परिषद् के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे| डॉक्टर राजेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई|